Website: www.prsuniv.ac.in
Email ID- registrar@prsuniv.ac.in

प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ0प्र0

Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj, U.P.

पत्रांक प्रोरासिंविवि/परीक्षा/2026 / 182   दिनांक 15 जून, 2026

आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय की सत्र 2025–26 की सम सेमेस्टर परीक्षाओं के ऐसे परीक्षार्थी जो अपने पाठ्यक्रम के किन्हीं प्रश्न–पत्रों में अनुत्तीर्ण हैं, वह जन सूचना अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत अपनी लिखित उत्तर पुस्तिका का अवलोकन करने हेतु निर्धारित शुल्क जमा करते हुए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.prsuniv.ac.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात् निर्धारित अवधि में आपकी आवेदित उत्तर पुस्तिका आपकी ई–मेल पर प्रेषित कर दी जाएगी।

अग्रेतर ऐसे परीक्षार्थी जो अपनी उत्तर पुस्तिका के अवलोकन के पश्चात् उत्तर पुस्तिका का चुनौतीपूर्ण मूल्यांकन कराना चाहते हैं, वह विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.prsuniv.ac.in के माध्यम से निर्धारित शुल्क जमा करते हुए चुनौतीपूर्ण मूल्यांकन कर सकते हैं। चुनौतीपूर्ण मूल्यांकन से सम्बन्धित समस्त दिशा–निर्देश विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

पाठ्यक्रम के अंतिम सेमेस्टर के परीक्षार्थियों हेतु उत्तर पुस्तिका अवलोकन एवं चुनौतीपूर्ण मूल्यांकन हेतु दिनांक 20.06.2026 तक तिथि निर्धारित हैं, अतः अंतिम सेमेस्टर के ऐसे परीक्षार्थी जिनके किसी विषय में परीक्षाफल अनुत्तीर्ण है, वह दिनांक 20.06.2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

प्रो0 (विनीता यादव)
कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. माननीय कुलपति जी।
2. प्राचार्य / प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, प्रोरासिंविवि, प्रयागराज।
3. उप कुलसचिव–परीक्षा।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक